संख्या- 271 /2024/ 1983 /चार-2024

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव,
   माध्यमिक शिक्षा विभाग/गृह विभाग/ वन विभाग/ उच्च शिक्षा विभाग / बेसिक शिक्षा विभाग/ पर्यटन विभाग/ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभागः **लखनऊः दिनांक 19 जुलाई, 2024**

विषय- **''काकोरी ट्रेन एक्शन''** की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर **''काकोरी ट्रेन एक्शन''** शताब्दी समारोह के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ जनपद के काकोरी में क्रांतिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आंदोलन को धन की आवश्यकता हेतु क्रियान्वयन किया गया था। योजना को मूर्त रूप देने हेतु क्रांतिकारियों द्वारा शाहजहांपुर में बैठक आहूत की गई और इस बैठक में शहीद राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार से खजाना प्राप्त करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक दल के प्रमुख सदस्य क्रांतिकारी शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी ने 9 अगस्त, 1925 को सहारनपुर से आकर लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन पर 'आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन' को चेन खींच कर रोका। क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चन्द्रशेखर आजाद व अन्य सहयोगी क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर धावा बोलकर अंग्रेजी खजाने पर कब्जा कर लिया। इस घटना में क्रांतिकारियों द्वारा रूपये 4679-1-6 की धनराशि का खजाना प्राप्त किया था।

इस घटना से क्षुब्ध अंग्रेजी सत्ता ने **हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन** के कुल 40 क्रांतिकारियों पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरूद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का मुकदमा चलाया, जिसमें शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद अशफाक उल्ला खां और शहीद रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाई गयी। 16 अन्य क्रांतिकारियों को कम से कम चार वर्ष की सजा से लेकर अधिकतम कालापानी, आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया गया।

3. दिनांक 09 अगस्त, 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हो रहा है। अतः क्रांतिकारियों के सम्मान में इसे सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त मनाया जाना है। इस अवसर पर जन सहयोग के साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निम्नवत् है:-

1. लोगो डिजाइनः-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

- सूचना विभाग के माध्यम से 'लोगो' का डिजाइन तैयार कराकर जारी कराना।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

2. डाक आवरणः-

- इस अवसर के उपलक्ष्य में डाक विभाग के साथ समन्वय कर डाक आवरण जारी किया जायेगा।

संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0

3. काकोरी गाथाः-

- काकोरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित लघु कॉमिक पुस्तिकाओं का प्रकाशन
- उक्त पुस्तिकाओं का डिजिटल संस्करण जारी करना।
- इस घटना से जुड़ी हुई कवितायें एवं कहानी लेखन प्रतियोगितायें।
- चयनित कविताओं/कहानियों का पोडकॉस्ट जारी करना।
- विद्यालयों में ओपेन माइक प्रतियोगिता।
- क्रांतिकारियों पर आधारित आनलॉइन क्विज प्रतियोगिता।

संस्कृति निदेशालय/माध्यमिक शिक्षा विभाग/ बेसिक शिक्षा विभाग

4. काकोरी लिटरेचर फेस्टिवलः-

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं स्वतंत्रता आन्दोलन विशेष रूप से काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी।
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर प्रसिद्ध इतिहासकारों/विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों/ महा विद्यालयों में संवाद।
- स्वतंत्रता आन्दोलन काकोरी के विशेष संदर्भ में पुस्तकों का विमोचन।
- काकोरी के क्रांतिकारियों पर आधारित किस्सागोई/नाटक
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर सेमिनारों का आयोजन- विश्वविद्यालयों के इतिहास विभाग द्वारा

संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0/उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0

5. वृक्षारोपणः-

- काकोरी के शहीदों की याद में प्रत्येक जनपद में शहीद स्मृति वाटिका तैयार करना।

वन विभाग, उ0प्र0

6. स्वातंत्र्य : कला रंग :-

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

- प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारकों पर ऑनस्पॉट पेन्टिंग एवं शिविर का आयोजन।
- विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/स्कूलों/कालेजों में पेन्टिंग, म्यूरल एवं क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन।

उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी/शिक्षा विभाग

7. स्वातंत्र्य : नाट्य रंग :-

- स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं एवं शहीदों के जीवन संघर्षों पर आधारित वाचिक परम्परा से जुड़े हुए लोकनाट्यों की प्रतियोगिता।
- शहीद स्थलों एवं शहीद स्मारकों से जुड़ी हुई घटनाओं पर आधारित नाटकों की प्रस्तुतियां।
- ऐसे महापुरुषों एवं वीरों को प्राथमिकता दी जाये जो कि अभी तक ज्ञात एवं अल्पज्ञात श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं।
- नाट्य महोत्सवों का आयोजन।

भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ

8. अभिलेख प्रदर्शनीः-

- काकोरी की घटना से सम्बन्धित अभिलेखों की स्थाई प्रकृति की प्रदर्शनी तैयार करना।

उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ

9. सांस्कृतिक गतिविधियाँः-

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों की याद में जन्म दिवस एवं बलिदान दिवस के अवसर पर विशेष राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
- सांस्कृतिक शोभा यात्राओं का आयोजन।

संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0

10. सम्मान समारोहः-

- विशेष अवसरों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मान।

सम्बन्धित जिला प्रशासन

11. प्रचार-प्रसारः-

- काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों का डिजिटल एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

12. विशेष आयोजनः-

- दिनांक 09 अगस्त, 2024 को शाहजहाँपुर एवं लखनऊ (काकोरी) में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का शुभारम्भ के अवसर पर।

संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0/जिला प्रशासन शाहजहाँपुर/लखनऊ

4. दिनांक 09 अगस्त, 2024 को कार्यक्रम का शुभारम्भ सम्पूर्ण प्रदेश में जन भागीदारी के साथ किया जाये जिसमें प्रमुखत: लखनऊ (काकोरी), शाहजहाँपुर, बलिया, गोरखपुर (चौरी-चौरा), फिरोजाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर (बिठूर), झांसी, बरेली, सहारनपुर, गोण्डा जनपदों के शहीद स्मारकों पर जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर भव्य आयोजन सुनिश्चित किये जायें। इस हेतु संस्कृति विभाग द्वारा नोडल नामित करते हुए समन्वय स्थापित किया जाये। इसी के साथ अन्य जनपदों में भी आयोजन सुनिश्चित किये जायें। आयोजन की प्रस्तावित रूपरेखा संलग्नक के रूप में प्रेषित की जा रही है।

5. समस्त जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के छायाचित्र एवं विवरण संस्कृति विभाग के पोर्टल https://culturalevents.in पर प्रेषित किये जायें।

6. जनपद लखनऊ एवं काकोरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम समस्त जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सजीव प्रसारण किया जाये जिसकी व्यवस्था सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा की जाये।

7. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 09 अगस्त, 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त जन सहयोग के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को नमन किया जाये।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
मनोज कुमार सिंह
मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश।
5. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
6. निदेशक, संस्कृति/ सूचना एवं जनसम्पर्क/ बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/ उच्च शिक्षा /पर्यटन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

काकोरी ट्रेन एक्शन शुभारम्भ समारोह

दिनांक: 09 अगस्त, 2024

<u>प्रस्तावित कार्यक्रम</u>

समय		कार्यक्रम
प्रातः 09:00 बजे से 09:45 तक	-	• 100 साइकिल सवार स्वयं सेवकों/विद्यार्थियों द्वारा शहीद स्मृति यात्रा का आयोजन • सभी स्वयं सेवकों/विद्यार्थियों की साइकिलों पर क्रांतिकारियों द्वारा दिये गये लोकप्रिय नारों की कार्ड बोर्ड की पट्टिकायें रहेंगी • सभी वॉलिन्टियर्स तिरंगा के रंगों की टी-शर्ट में रहेंगे
प्रातः 10:00 बजे से 10:30 तक	-	• मा0 मुख्य अतिथि का आयोजन स्थल पर आगमन • शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि • तिरंगे रंग के 100 गुब्बारे उड़ाकर आयोजन का शुभारम्भ • पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन • काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन
प्रातः 10:30 बजे से	-	• मा0 मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगणों का मंचासीन होना • मा0 मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान • काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का शुभारम्भ • काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन • स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान • राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन
प्रातः 10:45 बजे से	-	• मा0 मुख्य अतिथि महोदय का उद्बोधन
पूर्वान्ह 11:00 बजे से	-	• मा0 मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण का कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान

---

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।